(c) how many S.C. & S.T. candidates were selected;

(d) how many S.C. & S.T. candidates of N.E. Region were selected; and

(e) if the answer to part (b) be in negative, the reasons therefor ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS) : (a) and (b) Yes, Sir.

(c) Five Scheduled Caste and one Scheduled Tribe.

(d) The recruitment to the posts of Assistant Station Director, a Group 'A' post in All India Radio/Doordarshan, is made on all India basis and not on regional basis. The regional roster is not applicable in this case. No SC/ST candidate from N.E. Region was placed in the panel.

(e) Does not arise.

Import of Foreign Films

3947. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have decided to make import of foreign films absolutely free; and

(b) if so, the details thereof and its impact on Indian Film Industry?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

नए समाचारपत्रों के नामों को स्वीकृत किया जाना

3948. **श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ मीम अफ़ज़ल** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) समाचारपत्रों के पंजीयक को नए समाचारपत्रों के नामों की स्वीकृति के लिए 1-1-1991 से 31-1-1992 तक कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान कितने नामों को स्वीकृति प्रदान की गई थी ; और

(ग) 31-1-92 तक नामों की स्वीकृति के लिए कितने आवेदन पत्र लम्बित थे ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) से (ग) सूचना इस प्रकार है :—

(1) नामों की स्वीकृति के लिए प्राप्त आवेदन पत्र 22501

(2) स्वीकृत किए गए नामों की संख्या 9796

(3) लम्बित पड़े आवेदनों की संख्या 40

समाचार पत्र पंजीयक के वार्षिक प्रतिवेदन

3949. **श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ मीम अफ़ज़ल** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि समाचार पत्र के वार्षिक प्रतिवेदन गत तीन वर्ष से प्रकाशित नहीं हुए हैं ; यदि हां तो इस संबंध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है; और

(ख) प्रतिवेदनों के प्रकाशन में विलम्ब होने के क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) और (ख) भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक की वार्षिक रिपोर्ट "प्रेस इन इंडिया" "भारत के समाचारपत्र" 1989 प्रकाशित हो चुकी है और उसका वितरण भी किया जा चुका है। "प्रेस इन इंडिया"/"भारत के समाचार पत्र' 1990 भी छप चुकी है। "प्रेस इन इंडिया"/"भारत के समाचारपत्र" 1991 की छपाई का काम चल रहा है।